सं. 2 (।।)/2010–कार्मिक. ।।

भारत सरकार

# संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**सूचना प्रौद्योगिकी विभाग**

**इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली–110003**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में प्रतिनियुकित आधार रु. 9300–34800/– जमा ग्रेड वेतन रु. 4600/– के वेतन बैंड पीबी–2 में वरिष्ठ हिंदी अनुवादक के पद को भरा जाना ।**

विभाग में प्रतिनियुकित आधार पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए पीबी–2 में वरिष्ठ हिंदी अनुवादक (समूह 'ख' (अराजपत्रित)) के एक पद को भरने का प्रस्ताव है. पद के लिए आवेदन करने हेतु अपेक्षित पात्रता मानदंड, अनुभव आदि संलग्नक–। पर दिया गया है.

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष होगी, जिसे आवश्यक होने पर तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है. केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति (अल्प अवधि संविदा सहित) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी. चयनित व्यक्ति समय–समय पर संशोधित कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 05.01.2004 के ओ.एम. नं. 2/29/94–स्था. (वेतन–।।) के अनुसार वेतन आहरित करने का हकदार होगा.

3. अनुरोध है कि पात्र और इच्छुक अधिकारियों, जिसे तुंरत कार्यमुक्त किया जा सके, के विवरण निर्धारित प्रोफार्मा **(संलग्नक–।।)** में उनके पिछले 5 वर्षों के अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट और सतर्कता अनापत्ति/अनुशासनिक अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ **इस परिपत्र के जारी होने/प्रकाशित होने की तिथि से 45 दिनों के भीतर भेजा जाए.**

4. अंतिम तिथि के बाद और बिना सीआर डोजियर और अनापत्ति/अनुशासनिक अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा. एक बार चयनित अधिकारी को बाद में. अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**(आर. के. मनचंदा)**
**संयुक्त निदेशक**
**टेली. नं. 24301123**

**संलग्नक–।**

(1) पद का नाम : वरिष्ठ हिंदी अनुवादक
(2) पद की संख्या : एक
(3) वेतन ढांचा : रु. 9300–34800 के वेतन में पीबी–2 जमा रु. 4600/– प्र.मा. का ग्रेड वेतन.
(4) पात्रत मानदंड/अनुभव आदि

**केन्द्रीय सरकार के अधिकारी, जो**

(क)(।) मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करता हो, या
(।।) मूल काडर/विभाग में रु. 4200 के ग्रेड वेतन के साथ रु. 9300–34800 के वेतनमान पीबी–2 या समतुल्य में पांच वर्ष की नियमित सेवा कर चुका हो, **और** (ख) निम्नलिखित योग्यताएं और अनुभव रखता हो :

**(क) योग्यता :**

(।) डिग्री स्तर पर अंग्रेजी या हिंदी मुख्य विषय के साथ हिंदी या अंग्रेजी में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की मास्टर डिग्री, **या**
(।।) डिग्री स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य विषय के साथ पढ़ाई एवं परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ किसी विषय में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की मास्टर डिग्री.

**(ख) अनुभव :** सरकारी/ख्यातिप्राप्त संगठन में हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवार का दो वर्ष का अनुभव.

**नोट 1 :** विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नयन की सीधी पंक्ति में है, पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा. इसी तरह प्रतिनियुक्ति व्यक्ति पर प्रोन्नयन द्वारा नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा.

**नोट 2 :** केन्द्रीय सरकार के उसी या अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**नोट 3 :** प्रतिनियुकित पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**नोट 4 :** प्रतिनियुक्ति या आमेलन आधार पर नियुक्ति के उद्देश्य से अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 या वह तिथि जब से छठे केन्द्रीय वेतन आयोग सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचा दिया गया है, से पहले नियमित आधार पर की गई सेवा को आयोग की सिफारिशों के आधार पर समतुल्य ग्रेड वेतन/दिए गए वेतन में की गई सेवा माना जाएगा. यह उन मामलों पर लागू नहीं होगा, जहां सामान्य ग्रेड वेतन/वेतनमान के साथ एक से अधिक पूर्व संशोधित वेतनमान का विलय किया गया है और जहां यह लाभ केवल उन पद (ों) के लिए दिया गया है, जिसके लिए वह ग्रेड वेनत/वेतनमान बिना किसी उन्नयन के लिए सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है.

**नोट 5 :** सरकार/ख्याति–प्राप्त संगठन में हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में दो वर्ष का अनुभव वाले नियुक्ति व्यक्ति पर विभाग में स्थायी आमेलन पर विचार प्रतिनियुक्ति आधार पर कम से कम तीन वर्ष की सेवा के बाद ही किया जाएगा.

**भूतपूर्व सैनिक के लिए :**

सशस्त्र सेना के कार्मिक जिनकी सेवानिवृत्ति बाकी है या जिन्हें एक वर्ष के भीतर स्थानांतरित किया जाना है और जिनके पास पांच वर्ष का अनुभव और निर्धारित योग्यताएं हैं, को सशस्त्र सेना से निमुक्ति की तिथि तक प्रतिनियुकित पर नियुक्त किया जाएगा और तत्पश्चात् उन पर पुनर्नियुक्ति पर विचार किया जाएगा.

**संलग्नक–।।**

**आवेदन के लिए प्रोफार्मा**

**..........पद के लिए आवेदन**

**आत्मवृत्त प्रपत्र**

1. पद जिसके लिए आवेदन किया है :
2. आवेदक का नाम व पता (सुस्पष्ट बड़े अक्षरों में) :
3. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) :
4. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख :
4. शैक्षिक योग्यताएं :
5. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं संतोषजनक हैं (यदि नियमों के अंतर्गत निर्धारित कोई अर्हता समतुल्य दर्शायी गई है तो उसके लिए प्राधिकार का उल्लेख करें) :

| **अपेक्षित अर्हता/अनुभव** | **अधिकारी द्वारा धारित अर्हता/अनुभव** |
|---|---|
| आवश्यक : | (1) (2) (3) |
| अपेक्षित : | (1) (2) |

7. ऊपर भरी गई प्रविष्टियों के संदर्भ में कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि क्या आप पद की आवश्यकताओं को पूरी करते हैं :
8. कालक्रम में नियोजन के ब्यौरे दें. यदि नीचे दी गई जगह कम है तो आपने हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित अलग कागज लगाएं.

| **कार्यालय/संस्थान** | **धारित पद** | **कब से** | **कब तक** | **वेतन बैंड और ग्रेड वेतन** | **कार्य की प्रकृति (विस्तार से)** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

9. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायीवत् या स्थायी :
10. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारित है. कृपया उल्लेख करें :

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि

(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं.

11. वर्तमान नियोजन संबंधी अन्य ब्यौरे : कृपया उल्लेख करें कि निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत कार्य करते हैं (कृपया संबंद्धित कालम के सामने अपने नियेक्ता के नाम का उल्लेख करें)

| | | |
|---|---|---|
| (क) केंद्र सरकार | (ख) राज्य सरकार | (ग) स्वायत्त संगठन |
| (घ) सरकारी उपक्रम | (ङ) विश्वविद्यालय | (च) अन्य |

12. कृपया बताएं कि आप उसी विभाग में काम करते हैं और फीडर ग्रेड या फीडर के फीडर ग्रेड में हैं :
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो पिछले संशोधन, के लागू होने की तारीख और संशोधन पूर्व के वेतनमान का भी उल्लेख करें :
14. वर्तमान में ली जाने वाली कुल परिलब्धियां :
15. पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में कोई अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप उल्लेख करना चाहेंगे. (इसमें अन्य के अलावा इनके संबंध में जानकारी प्रदान की जाए (।) अतिरिक्त शैक्षणिक योगयता (।।) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (।।।) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक कार्य अनुभव) **(टिप्पणी : यदि यह जगह पर्याप्त नहीं है, तो एक अलग कागज लगाएं)**

16. जीविका में उपलब्धि, जो आपकी अभ्यर्थिता का समर्थन करते हैं.
17. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अस्थि विकलांग व्यक्ति से संबंधित हैं.
18. अभ्युक्ति (उम्मीदवार (I) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजना (II) पुरस्कार/छात्रवृति/सरकारी प्रशंसा (III) व्यावसायिक निकाय/संस्थान/सोसायटी के साथ संबंधन और (IV) कोई अन्य सूचना दर्शाएं) **(टिप्पणी : यदि जगह पर्याप्त नहीं है, तो अलग कागज लगाएं)**
अतिरिक्त सूचना
19. संपर्क नं. कार्यालय......................आवास......................मोबाइल.....................
मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान पूर्वक पढ़ लिया है और मैं अच्छी तरह समझता/समझती हूं कि मेरे द्वारा दस्तावेजों से समर्थित आत्म–वृत का मूल्यांकन पद के लिए चयन करते समय चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा.

दिनांक :....................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर और पता
पता : ....................

**नियोक्ता/कार्यालयाध्यक्ष/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जानेवाला प्रमाण पत्र**

प्रमाणिता किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी...................द्वारा दी गई जानकारी सही है और वह परिपत्र में उल्लिखित अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव धारण करता/करती है.
**यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :**
(I) उसके खिलाफ कोई भी सतर्कता कार्यवाही न तो लंबित है और न चलाए जाने का प्रस्ताव है.
(II) उसकी पूर्ण गोपनीय रिपोर्ट डोजियर/भारत सरकार के अवर सचिव और समतुल्य स्तर के अधिकारी द्वारा यथा सत्यापित; प्रत्येक पृष्ठ पर संबद्ध पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपीय रिपोर्ट संलग्न है.
(III) उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है.
(IV) पिछले 10 वर्ष के दौरान उस पर कोई लघु/दीर्घ दंड नहीं लगाया गया है/पिछले 10 वर्ष के दौरान उन पर लगाए गए लघु/दीर्घ दंड की सूची संलग्न है.

तिथि ..............
स्थान .............

हस्ताक्षर तथा पदनाम
(मोहर के साथ)

**रो.स. 20/41**